# कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्रावस्ती।

पत्रांक–एस0एस0ए0 / के0जी0बी0वी0–नियुक्ति / 297 / 2026–27 दिनांक– 03 / 06 / 2026

## विज्ञप्ति

जपनद–श्रावस्ती में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदो के सापेक्ष शैक्षिक सत्र 2026–27 में संविदा पर चयन / नियुक्ति, शैक्षिक / शिक्षणेत्तर स्टाफ का चयन किये जाने के संबंध में राज्य परियोजना निदेशक के पत्र संख्या– के0जी0बी0वी0 / 11308 / 2022–23, दिनांक–14.02.2023 के द्वारा जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदो के सापेक्ष चयन की कार्यवाही संपादन हेतु निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय श्रावस्ती के अनुमोदन दिनांक–29–05–2026 के अनुक्रम में जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदो के सापेक्ष निम्नवत विवरणानुसार दिनांक–18 / 06 / 2026 के सायंकाल 05 बजे तक रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–श्रावस्ती के पते पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। दिनांक– 18 / 06 / 2026 के सायंकाल 05 बजे के उपरान्त होने वाले आवेदन पत्रों / डाकघर के विलम्ब के कारण निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों एवं रजिस्टर्ड डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। एक से अधिक पदो के आवेदन के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रेषित किया जायेगा। रिक्त पदो की संख्या घट / बढ. सकती है। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | पद का नाम | कुल पद | विषय | योग्यता | आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फुल टाइम टीचर | 03 | गणित | गणित ( पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 25–45 |
| 2 | फुल टाइम टीचर | 01 | अंग्रेजी | भाषा (हिन्दी–संस्कृत एवं अंग्रेजी में से न्यूनतम एक वर्ग में प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 25–45 |
| 3 | फुल टाइम टीचर | 01 | विज्ञान | विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 25–45 |
| 4 | पार्ट टाइम टीचर | 02 | कम्प्यूटर | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक | 25–45 |

**नियम व शर्ते :–**

1- उक्त समस्त पदों पर मात्र महिला अभ्यर्थी का ही आवेदन स्वीकार होगा।

2- आवेदन पत्र साफ एवं सुन्दर अक्षरों में साफ हस्तलिखित / अंकित ही स्वीकार्य होगा, जिस पर अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा अंकित होना अनिवार्य है।

3- पूर्णकालिक अध्यापिकाओं को विद्यालय परिसर में छात्राओं के साथ अनिवार्य रूप से निवास करना होगा।

4- आवेदन पत्र पर आवेदित पद का नाम, वर्ग विषय के साथ लिफाफे के उपर स्पष्ट मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हेतु आवेदन पत्र अंकित होना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

5- उपर्युक्त समस्त पद पर एक शैक्षिक सत्र अर्थात 11 माह 29 अथवा शैक्षिक सत्र के अन्तिम दिवस को संविदा स्वतः समाप्त हो जायेगी। कार्य, व्यवहार एवं आचरण संतोष होने पर शैक्षिक सत्र के लिए सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से संविदा बढाई जा सकती हैं।

6- शिक्षणेत्तर पदों हेतु साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जायेगा।

7- इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र जिसमें स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज का वर्तमान फोटो लगा होने के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आदि की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें। साक्षात्कार/काउंसलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

8- किसी सेवा में बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्व एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगे। यदि चयनोपरान्त उक्त तथ्य प्रकाश में आता है तो बिना किसी नोटिस के संविदा समाप्त कर दी जायेगी।

9- स्वंय का पता लिखा दो लिफाफे 50–50 रूपये का डाक टिकट लगाकर संलग्न करे। लिफाफे के उपर पद का नाम ( फुल टाइम/पार्ट टाइम ) विषय व आरक्षण श्रेणी ,मो0नं0 का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

10- चयनोपरान्त, नियुक्ति जनपद के किसी भी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में की जा सकती है।

11-विज्ञापित किया जा रहे पदों की संख्या/विषय जनपदीय समिति के निर्णयानुसार घट–बढ सकती हैं।

12-उपरोक्त चयन प्रकिया में संशोधन/निरस्तीकरण का अधिकार जनपदीय चयन समिति में निहित होगी।

13-अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/संलग्नक रहित/साधारण डाक से प्राप्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों का स्वप्रमाणित छाया प्रति होने पर या निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

14-आयु की गणना 01.01.2026 से की जायेगी।

15-अन्य नियम व शर्ते जनपदीय समिति के अधीन होगी।

आकांक्षा रावत 03/06/2026

(आकांक्षा रावत)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
श्रावस्ती।

## कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्रावस्ती।

पत्रांक–एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0–नियुक्ति/297 / 2026–27 दिनांक– 03 / 06/ 2026

सेवा में,
विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक हिन्दुस्तान/दैनिक जागरण/अमर उजाला
लखनऊ।

विषय–विज्ञापन प्रकाशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्मिकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में पत्र के साथ संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में न्यूनतम धनराशि रू0 15000/– सीमान्तर्गत प्रकाशित करने का कष्ठ करें।

प्रकाशित विज्ञापन का भुगतान, आप द्वारा प्रेषित दो प्रतियों में बिल के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

आकांक्षा रावत 03/06/2026

(आकांक्षा रावत)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
श्रावस्ती।

संलग्नक (ग)

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय–श्रावस्ती हेतु आवेदन–पत्र

1. आवेदित पद का नाम............................................................................................ | स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो

2. विषय का नाम.....................................................................................................

3. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बडे अक्षर में).....................................................................

4. पिता / पति का नाम..........................................माता का नाम........................................

5. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में).......................................................................................

6. जन्म तिथि..................................आयु 01.04.2026 को आयु..............वर्ष..............माह.............दिन..........

7. जाति..............................................................वर्ग..................................................................

8. पत्राचार का पता.............................................................................................................

पिन कोड............................दूरभाष..................................................ई–मेल.............................................

9. स्थाई पता.......................................................................................................................

10. अनुभव..........................................................................................................................

11. शैक्षिक योग्यता:–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का विवरण | बोर्ड / वि0वि0 का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | प्रास्नातक | | | | | | |
| 5 | प्रशिक्षण | | | | | | |
| 6 | टी0ई0टी0 (जूनियर स्तर) | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | |

## घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूं कि मैने विज्ञप्ति में अंकित की गयी पात्रता की समस्त शर्ते सावधानीपूर्वक पढी है वह मुझे मान्य है। उक्त समस्त शर्तें मै पूरी करती हूं। इस आवेदन में अंकित किये गये समस्त विवरण / सूचनाएं पूर्णतयः सत्य है। कोई भी तथ्य मेंरे द्वारा छुपाया नहीं गया है। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की तथ्य त्रुटिपूर्ण पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय जिसपर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। इससे संबंधित किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगी।

दिनांक...................

संलग्नक...............

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

(पूरा नाम पता सहित)